एकता विश्वास संघर्ष
सत्यमेव जयते
राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उ0प्र0
सहयोग सदन, 6-गोखले मार्ग, लखनऊ—226 001
उ०प्र०रा०वि०प० आदेश सं० 8022-F(IR-I)90H/73 दि० 28.12.74 द्वारा मान्यता प्राप्त
सोसाइटी रजि० अधिनियम 1860 में पंजीकरण संख्या 2672 दिनांक 08.09.1981
(सम्बद्धता : आल इण्डिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स एवं उ.प्र.डि.इं.महासंघ)
मेल पता : sachivrvpjes@gmail.com वेबसाइट : www.rvpjes.com

पत्रांकः 164 / डी0जी0—17 दिनांकः 05.11.2023

सेवा में

प्रबंध निदेशक
उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निगम लिमिटेड
शक्ति भवन, लखनऊ

विषयः— विगत आन्दोलन के परिपेक्ष्य में ऊर्जा प्रबंधन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप सेवानिवृत्ति कार्मिकों के देयको का निस्तारण किए जाने का अनुरोध।

महोदय,

आप सादर अवगत है कि विगत मार्च माह में हुए सांकेतिक आंदोलन कार्यक्रम के दौरान निगम में बड़ी संख्या में जूनियर इंजीनियर, प्रोन्नत अभियन्ता एवं कार्मिकों की वेतन कटौती हुई थी। इस संबंध में प्रबंधन एवं संगठन से हुई वार्ता में स्पष्ट किया गया था कि वेतन कटौती को सेवा में व्यवधान न मानते हुए कार्मिकों के वार्षिक वेतन वृद्धि, प्रोन्नति एवं सेवानिवृत्तिक लाभ को स्वीकृत किया जाएगा।

२) प्रबंधन के उपरोक्त निर्देशों के क्रम में वार्षिक वेतन वृद्धि एवं प्रोन्नति की कार्यवाहियां जारी है, परन्तु संज्ञान में लाना है कि सेवानिवृत्ति जूनियर इंजीनियर, प्रोन्नत अभियंताओं के सेवानिवृत्ति के लाभों का निस्तारण किया जाना अभी भी प्रशिक्षित है।

३) यह भी सूच्य है आन्दोलन के कारण हुई वेतन कटौती के पश्चात सेवानिवृत्त हुए कार्मिकों को कई माह बाद भी पेंशन आदि स्वीकृत न होने के कारण उन्हे गंभीर आर्थिक एवं मानसिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है, जो अत्यन्त पीड़ादायक है।

४) अतः आपसे अनुरोध है कि ऐसे सेवानिवृत कार्मिक जिनकी वेतन कटौती विगत आन्दोलन में हुई है, उनके सेवा निवृत्तिक लाभों को शीघ्र स्वीकृत किए जाने हेतु संबंधित को उचित निर्देश देने की कृपा करें जिससे उनकी आर्थिक / मानसिक समस्याओं को शीघ्र समाप्त किया जा सके।

आदर सहित

Patel
(जी0 वी0 पटेल)
केन्द्रीय महासचिव

पत्रांक : 164 / डी0जी0—17 तददिनांक : 05.11.2023
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. मा0 अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन निगम लिमिटेड, लखनऊ।
2. निदेशक (का0 प्र0 एवं प्रशा0) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन निगम लिमिटेड शक्ति भवन, लखनऊ।
3. कट फाइल / कार्यालय फाइल।

Patel
(जी0 वी0 पटेल)
केन्द्रीय महासचिव